प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

18.45 सोमवार दिनांक 09.06.2025

मुख्य समाचारः—

- सुकमा जिले में आज माओवादियों द्वारा लगाए गए आईईडी की चपेट में आने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपून्जे शहीद—दो अन्य पुलिस अधिकारी घायल।

- प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मंत्र के साथ तेजी से बड़े पैमाने पर और संवेदनशीलता के साथ आधारभूत बदलाव ला रही है।

- आईआईएम नवा रायपुर में प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का आज हुआ समापन।

- मौसम विभाग के अनुसार ग्यारह जून के बाद तापमान में कमी के साथ ही प्रदेश में वर्षा की गतिविधियां बढ़ेंगी।

जवान—शहीद 01

सुकमा जिले में आज सुबह कोन्टा—एर्राबोर मार्ग पर डोंड्रा के पास आईईडी विस्फोट की चपेट में आने से अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपून्जे शहीद हो गए हैं। मिली जानकारी के अनुसार माओवादियों द्वारा वाहन जलाने की घटना की जांच के लिए कोंटा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव, उप पुलिस अधीक्षक भानुप्रताप चंद्राकर, निरीक्षक सोनल गवला और अन्य जवानों के साथ पैदल सर्चिंग के लिए निकले थे। इसी दौरान माओवादियों द्वारा पहले से लगाए गए आईईडी में विस्फोट हो गया, जिसमें पुलिस बल के अधिकारी घायल हो गए। सभी घायलों को प्रारंभिक उपचार के लिए कोन्टा स्थित अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान आकाश राव की मृत्यु हो गई। वहीं, अन्य घायल अधिकारी भानुप्रताप चंद्राकर और निरीक्षक सोनल गवला को बेहतर इलाज के लिए एयरलिफ्ट कर रायपुर लाया जा रहा है।

सुकमा में शहीद अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरपून्जे, रायपुर जिले के निवासी थे और दो हजार तेरह बैच के डीएसपी थे। वे वर्ष दो हजार चौबीस से कोन्टा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में सेवा दे रहे थे। उन्होंने मोहला—मानपुर और सुकमा जैसे माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में भी अपनी सेवाएं दीं थी।

आकाश राव गिरपून्जे के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार और गार्ड ऑफ ऑनर के लिए रायपुर लाया जा रहा है।

राज्यपाल रमेन डेका और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री और गृहमंत्री विजय शर्मा ने एएसपी आकाश राव गिरपुंजे की शहादत पर गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ में नक्सलियों के खिलाफ कार्रवाई में सुरक्षा बलों को लगातार सफलता मिल रही है। इसी से बौखलाकर नक्सली इस तरह की कायराना करतूतों को अंजाम दे रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ से माओवादियों का अस्तित्व ही समाप्त कर दिया जाएगा।

जवान शहीद—02

वहीं, बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने घटना पर दुख जताते हुए कहा कि वर्तमान समय में माओवादी संगठन पूरी तरह से हतोत्साहित और कमजोर हो चुका है और उसमें अब सीधे सुरक्षा बलों से टकराने

की भी हिम्मत नहीं बची है। इसी कारण माओवादी हमारे जवानों, वीर योद्धा और निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाकर आईईडी विस्फोट, ग्रामीणों की हत्या और सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाने जैसे कायरतापूर्ण षड्यंत्र रच रहे हैं।

प्रधानमंत्री–11 साल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि एक सौ चालीस करोड़ भारतीयों के आशीर्वाद और सामूहिक भागीदारी से देश ने पिछले ग्यारह वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में तेजी से बदलाव देखे हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के सिद्धांत से प्रेरित होकर एनडीए सरकार ने तेजी से बडे पैमाने पर संवेदनशीलता के साथ महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। प्रधानमंत्री ने लोगों को भारत की विकास यात्रा को जानने के लिए नमो एप पर उपलब्ध वीडियो, इंफोग्राफिक्स और आलेखों जैसी विधाओं के माध्यम से जुड़ने के लिए आमंत्रित किया है।

प्रधानमंत्री–सर्वे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी से नमो ऐप पर भारत की पिछले ग्यारह वर्षों की विकास यात्रा पर सर्वेक्षण में भाग लेने का आग्रह किया है। अपने सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री मोदी ने एक पोर्टल का लिंक भी साझा किया। यहां कोई भी व्यक्ति पिछले ग्यारह वर्षों में भारत की विकास यात्रा के बारे में जन मन सर्वेक्षण में भाग ले सकता है।

केन्द्र–11 साल/छत्तीसगढ़

सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के सिद्धांतों से प्रेरित होकर भारत ने एक दशक में उल्लेखनीय परिवर्तन किया है। आकाशवाणी समाचार आपके लिए पिछले ग्यारह वर्षों में प्रमुख क्षेत्रों में सरकार के प्रयासों पर एक विशेष फीचर लेकर आया है। नारी शक्ति की यात्रा पर महिलाओं को जीवन के हर क्षेत्र में सशक्त बनाया जा रहा है। पिछले दशक में, महिला सशक्तिकरण के प्रति भारत के दृष्टिकोण में उल्लेखनीय परिवर्तन आया है।

छत्तीसगढ़ की सामाजिक कार्यकर्ता और पद्मश्री शमशाद बेगम ने कहा कि केन्द्र सरकार ने 11 वर्षों में महिलाओं को सशक्त बनाने वाली नीतियों को बढ़ावा दिया है।

मुख्यमंत्री–चिंतन शिविर

भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम नवा रायपुर में प्रदेश के मंत्रिमंडल के सदस्यों के लिए आयोजित दो दिवसीय चिंतन शिविर का आज समापन हो गया है।

इससे पहले, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज भारतीय प्रबंधन संस्थान–आईआईएम नवा रायपुर में मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ योगासन कर चिंतन शिविर के दूसरे दिन की शुरुआत की। उन्होंने योग को स्वस्थ जीवनशैली का आधार बताते हुए कहा कि योग न केवल शरीर को स्वस्थ रखता है, बल्कि मन को भी शांत करता है और हमें प्रकृति के अधिक समीप लाता है। यह योगाभ्यास न केवल एक प्रेरणादायक पहल थी, बल्कि प्रदेश में स्वास्थ्य और संतुलित जीवनशैली को प्रोत्साहित करने का भी सशक्त संदेश था। इस चिंतन शिविर में सुशासन और कुशल नेतृत्व पर विस्तृत चर्चा की गई।

आईआईटी भिलाई–एमओयू

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान–आईआईटी भिलाई और जर्मनी की यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिगेन ने अंतर्राष्ट्रीय सेंसर रिसर्च हब शुरू करने के लिए आज एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। समझौता ज्ञापन समारोह यूनिवर्सिटी ऑफ़ सिगेन में आयोजित किया गया। यह रणनीतिक साझेदारी सह–शोध, शैक्षणिक आदान–प्रदान, और "सेंसर" विषय पर एक संयुक्त केंद्र की स्थापना में मददगार साबित होगी, जिसे आईआईटी भिलाई में स्थापित किया जाएगा। यह केंद्र स्वास्थ्य सेवा, स्मार्ट अवसंरचना, और पर्यावरण निगरानी जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने वाला एक अत्याधुनिक हब होगा।

आईआईटी भिलाई के निदेशक प्रोफेसर राजीव प्रकाश ने कहा कि "यह साझेदारी छात्रों और शोधकर्ताओं को वैश्विक दृष्टिकोण, उन्नत अवसंरचना तथा तकनीकी विशेषज्ञता तक पहुंच प्रदान करेगी।

विकसित कृषि संकल्प अभियान

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत इन दिनों छत्तीसगढ़ में विभिन्न स्थानों पर कृषि वैज्ञानिकों की टीम किसानों से सीधा संवाद कर रही है। रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक मनोज कुमार साहू ने बताया कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत कृषि वैज्ञानिकों की टीम आज रायपुर जिले के ग्राम पथरी पहुंची, जहां किसानों को खरीफ फसल के उत्पादन से संबंधित नई जानकारी और नवाचारों के बारे में बताया गया।

विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत रायपुर स्थित राष्ट्रीय जैविक तनाव प्रबंधन संस्थान–आई.सी.ए.आर. और एन.आई.बी.एस.एम. द्वारा छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में व्यापक फील्ड आउटरीच कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान कृषि वैज्ञानिक डॉक्टर सौम्या दास और डॉक्टर पी. मूवेंथन सहित वैज्ञानिकों की टीम ने रायपुर और दुर्ग समेत कई जिलों में किसानों के लिए प्रशिक्षण, किसान मेला, संवाद कार्यक्रम और जागरूकता शिविरों में भाग लिया।

बिरसा मुंडा–पुण्यतिथि

आज भगवान बिरसा मुंडा की एक सौ पच्चीसवीं पुण्यतिथि है। उन्हें धरती आबा के नाम से जाना जाता है। बिरसा मुंडा ने शोषणकारी औपनिवेशिक व्यवस्था के खिलाफ़ आंदोलन का नेतृत्व किया और जनजातीय समुदायों के अधिकारों तथा सम्मान के लिए लड़ाई लड़ी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक भगवान बिरसा मुंडा को उनके शहीदी दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि दी है।

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी भगवान बिरसा मुंडा की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की है।

वेदमणि सिंह ठाकुर–निधन

चक्रधर सम्मान से सम्मानित और कलागुरु वेदमणि सिंह ठाकुर का आज निधन हो गया है। वे संतानवे वर्ष के थे। उन्होंने बी.ए., बी.एड. के साथ ही एम. म्यूज़िक, तबला, गायन और सितार में बी. म्यूज किया था। उन्होंने रायगढ़ के हायर सेकेन्डरी स्कूल में शिक्षकीय कार्य भी किया। श्री ठाकुर ने इलाहाबाद, दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, भुवनेश्वर, नागपुर और उज्जैन जैसे बड़े शहरों में अपनी प्रस्तुतियां दी।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने वेदमणि सिंह ठाकुर के निधन पर दुख जताते हुए कहा कि रायगढ़ की सांस्कृतिक राजधानी की प्रतिष्ठा को संजोए रखने में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनकी कला, साधना और व्यक्तित्व की छाया देश के सांस्कृतिक जीवन में सदैव बनी रहेगी।

मौसम

मौसम विभाग के अनुसार एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी–दक्षिण गंगेटिक पश्चिम बंगाल और तटीय ओड़िशा के ऊपर बना हुआ है। इसके प्रभाव से कल प्रदेश के एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, ग्यारह जून से अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होने और वर्षा की गतिविधियों में बढ़ोतरी होने के आसार है।